# विजय मंत्रिमंडल का विस्तार, कांग्रेस के दो विधायकों समेत 23 नये मंत्रियों ने ली शपथ

## कांग्रेस 59 साल बाद तमिलनाडु में सरकार में शामिल हो पायी है। विजय मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है

**चेन्नई, एजेंसी।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर 23 नये मंत्री शामिल किये हैं जिनमें कांग्रेस के दो विधायक भी शामिल हैं। कांग्रेस 59 साल बाद तमिलनाडु में सरकार में शामिल हो पायी है। विजय मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है। राज्य में विधानसभा चुनाव में भारी उलट-फेर कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) ने कांग्रेस, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी तथा विदुथलाई चिरुथैगल काच्ची के सहयोग से सरकार बनायी थी।

विजय ने 10 मई को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ टीवीके के नौ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। विजय मंत्रिमंडल के इस पहले विस्तार के साथ ऐसी कई चीजें पहली बार हुईं हैं, जो पिछले साठ साल में नहीं देखी गई थीं। राज्य में पहली बार ऐसी गठबंधन सरकार बनी है जिसने द्रविड़ पार्टियों के छह दशक पुराने एकाधिकार को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही, इस नए मंत्रिमंडल में महिलाओं और दलितों को अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है।




इससे पहले साल 1952 में सी राजगोपालाचारी ने एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था, लेकिन 1967 में द्रविड़ पार्टियों के उभार के बाद से हमेशा एक ही पार्टी का शासन रहा। खास बात यह है कि इस विस्तार में टीवीके की नई सहयोगी पार्टी कांग्रेस के भी दो विधायकों को मंत्री बनाया गया है।

राज्य में 59 साल बाद ऐसा हुआ है जब कांग्रेस सरकार का हिस्सा बनी है। इससे पहले साल 1967 में के कामराज और भक्तवत्सलम के शासन के अंत के साथ ही राज्य से कांग्रेस राज खत्म हो गया था और तब से द्रविड़ पार्टियों का ही दबदबा रहा था।

इस मंत्रिमंडल में पहली बार चार महिला मंत्रियों और सात दलित मंत्रियों को जगह मिली है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इन सात दलित मंत्रियों में से दो कांग्रेस के हैं और बाकी सत्ताधारी टीवीके पार्टी के हैं। कैबिनेट के 33 सदस्यों में से श्री विजय समेत 31 मंत्री बिल्कुल नए चेहरे हैं, यानी वे पहली बार मंत्री बने हैं। सिर्फ दो चेहरे ही ऐसे हैं जो पहले चुनाव जीत चुके हैं, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व मंत्री के ए सेंगोट्टइयन (जिनका विभाग आज वित्त से बदलकर राजस्व कर दिया गया) और ग्रामीण विकास एवं जल संसाधन मंत्री एन आनंद। श्री सेंगोट्टइयन ने अन्नाद्रमुक के टिकट पर तमिलनाडु में कई बार चुनाव जीता है, जबकि श्री आनंद इससे पहले पुडुचेरी से चुनाव जीत चुके हैं।

# बीसीडी चुनाव में वोटों की गिनती पर लगी रोक हटाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) चुनाव में वोटों की गिनती पर रोक लगाने के अपने आदेश में किसी तरह का बदलाव करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें अंतिम नतीजे घोषित किए बगैर मतों की गिनती करने की अनुमति देने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने मौखिक तौर पर सुप्रीम कोर्ट के 18 मई के आदेश में बदलाव करने और वोटों की गिनती करने की अनुमति मांगी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वोटों की गिनती करने की इजाजत देने से इनकार करते हुए कहा कि 'हम इसकी इजाजत नहीं देंगे, इसमें कई गंभीर मुद्दे हैं।

कृपया आप हाईकोर्ट के पास जाकर अपनी बात रखें। यह सिर्फ एक अंतरिम आदेश है, हम हाईकोर्ट के काम में कोई दखल नहीं देना चाहते।

हमारे सामने अभी कोई मामला लंबित नहीं है। हम इस आदेश में कोई बदलाव नहीं करेंगे, इसके पीछे कई वजहें हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने पीठ से कहा था कि न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया समिति ने पहले ही गिनती जारी रखने की इजाजत दे दी थी।

## एक नजर

### हाथरस कांड की दोबारा हो जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस सामूहिक दुष्कर्म मामले पर बनी डॉक्यूमेंट्री में कई तथ्य और सबूत सामने आए हैं, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए पूरे प्रकरण की दोबारा जांच करायी जानी चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाथरस में 14 सितंबर 2020 को एक दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी और 29 सितंबर को उसकी मृत्यु हो गई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितंबर की आधी रात पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पीड़ित परिवार की एक नहीं सुनी तथा परिवार के सदस्यों को कथित रूप से घर में सीमित कर दिया गया और बेटी का चेहरा तक नहीं देखने दिया गया। श्रीमती लाम्बा ने आरोप लगाया कि उस समय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया था। उनका कहना था कि यदि उस समय परिवार तक पहुंचने दिया गया होता तो न्याय की प्रक्रिया अलग हो सकती थी।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी' से चर्चा में अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सामाजिक माध्यमों पर इन दिनों तेजी से चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' नामक डिजिटल मुहिम के पीछे महाराष्ट्र के युवा राजनीतिक संचार रणनीतिकार अभिजीत दीपके का नाम सामने आया है। बेरोजगारी, व्यवस्था और युवाओं की नाराजगी को व्यंग्यात्मक शैली में सामने रखने वाली यह मुहिम कुछ ही दिनों में लाखों लोगों तक पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि इसकी शुरुआत उच्चतम न्यायालय में हुई एक टिप्पणी के बाद हुई, जिसे अभिजीत दीपके ने डिजिटल आंदोलन का रूप दे दिया। अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के निवासी हैं और राजनीतिक संचार तथा डिजिटल अभियानों के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं।

# तेलंगाना ने 1.11 करोड़ श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई: रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को राज्य के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में बड़ी वृद्धि की घोषणा करते हुए कहा कि एक जून 2026 से लागू होने वाली नयी वेतन संरचना से लगभग 1.11 करोड़ श्रमिक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्रमिकों के वेतन से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित की गयी थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर यह निर्णय लिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण श्रमिकों को नुकसान उठाना पड़ा और वर्तमान सरकार ने श्रमिक




कल्याण के हित में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है। रेड्डी ने कहा कि सरकार ने श्रमिकों को अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल सहित चार श्रेणियों में विभाजित किया है। साथ ही राज्य को वेतन निर्धारण के लिए नगर निगम, नगरपालिका और ग्रामीण क्षेत्र सहित तीन क्षेत्रों में बांटा गया है। संशोधित वेतन संरचना के अनुसार अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम मासिक वेतन 12,750 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये कर दिया गया है। अर्द्धकुशल श्रमिकों का वेतन 13,152 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये किया गया है।

इसी प्रकार, कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 13,772 रुपये से बढ़ाकर 18,500 रुपये कर दिया गया है, जबकि अत्यधिक कुशल श्रमिकों को अब न्यूनतम 20,000 रुपये मासिक वेतन मिलेगा, जो पहले 14,607 रुपये था। श्री रेड्डी ने इस फैसले को तेलंगाना गठन के बाद श्रमिकों के पक्ष में लिया गया पहला बड़ा निर्णय बताते हुए राज्य सरकार की ओर से श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रम मंत्री जी. वेंकटस्वामी के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

रेड्डी ने युवाओं से यह सोच बदलने का भी आग्रह किया कि अवसर केवल सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र या विदेशों, विशेषकर अमेरिका, में ही उपलब्ध हैं। उन्होंने कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जर्मनी, जापान और सिंगापुर जैसे देशों में तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और कौशल आधारित करियर को प्रोत्साहित करने के लिए कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है।

## मार्को रुबियो 23 मई को भारत आएंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ऊर्जा, व्यापार, रक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों में दोनों देशों के बीच सहयोग का विस्तार करने के लिए 23 से 26 मई तक भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। उनके एजेंडे में खासतौर से परमाणु ऊर्जा के सबसे ऊपर रहने की संभावना है। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती राजनयिक गतिविधियों को देखते हुये नागरिक परमाणु ऊर्जा दोनों देशों के बीच साझेदारी के अगले चरण के लिये एक केंद्रीय स्तंभ के रूप में उभरी है। रुबियो की यात्रा से पहले नाभिकीय ऊर्जा संस्थान (एनईआई) और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस सप्ताह मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

# पार्टी कार्य के लिए कभी मजदूरी नहीं मांगी: शिवकुमार

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सत्तारुढ़ दल में नेतृत्व को लेकर नये सिरे से जारी चर्चाओं के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए किये गये काम के लिए 'कभी मजदूरी नहीं मांगी' है।

शिवकुमार ने इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद से जुड़ी टिप्पणियों को लेकर वरिष्ठ विधायक के.एन. राजन्ना पर तीखा हमला बोला। यह बयान श्री राजन्ना के उस कथित बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( के अध्यक्ष के रूप में लंबे कार्यकाल को देखते हुए गृह मंत्री जी. परमेश्वर, शिवकुमार से पहले मुख्यमंत्री बनने के हकदार हैं।

राजन्ना ने यह भी कहा था कि यदि श्री परमेश्वर 2013 में विधानसभा चुनाव नहीं हारते, तो वह मुख्यमंत्री बन सकते थे। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री शिवकुमार ने सवाल उठाया कि क्या श्री राजन्ना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया अपने पद से इस्तीफा दे दें। शिवकुमार ने कहा, क्या मैंने कभी कहा है कि मुख्यमंत्री बदला जाना चाहिये?

मैंने कभी किसी से मजदूरी नहीं मांगी है। उन्होंने उन सुझावों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि वे 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस को सत्ता में लाने में अपनी भूमिका के लिए राजनीतिक इनाम की मांग कर रहे थे।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार भाजपा के इशारे पर काम कर रही है: इल्तिजा

**जम्मू,एजेंसी।**

जम्मू के सिदड़ा इलाके में वन विभाग के अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने गुरुवार को उस इलाके का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारों पर काम कर रही है। सुश्री मुफ्ती ने प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद पत्रकारों से कहा, जम्मू-कश्मीर की सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार भाजपा द्वारा दिए जा रहे सभी निर्देशों का पालन कर रही है। इसी का नतीजा है कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के नाम पर यहाँ कई घरों को मलबे में तब्दील कर दिया गया।



पीडीपी नेता ने क्षेत्र के हालातों पर चिंता जताते हुए कहा, इस समय जम्मू भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। ऐसे मौसम में सैकड़ों लोगों को बेघर कर दिया गया है। चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर बच्चे त्वचा और आंखों के संक्रमण से जूझ रहे हैं।

## मीरवाइज और सज्जाद 'नजरबंद'

**श्रीनगर,एजेंसी।** हुर्रियत अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक तथा जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं विधायक सज्जाद लोन को गुरुवार को कथित तौर पर उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया।

नजरबंदी के समय के दौरान, श्री उमर फारूक और श्री सज्जाद लोन के पिताओं — दिवंगत मीरवाइज मोहम्मद फारूक और दिवंगत अब्दुल गनी लोन की पुण्यतिथि भी पड़ती है। श्री गनी लोन की 21 मई, 2002 को श्रीनगर के ईदगाह में उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि मीरवाइज मोहम्मद फारूक की हत्या 21 मई, 1990 को की गई थी।

# राजनाथ सिंह ने सियोल में भारतीय सैनिकों की याद में युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

**आदित्य विक्रम सिंह**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह -यूल ने 21 मई, 2026 को सियोल के इमजिनगैक पार्क में संयुक्त रूप से भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया।

कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निर्मित यह स्मारक, युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी सेवा को कोरिया गणराज्य के लोग आज भी गहरे सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करते हैं।




रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में भारत के अमिट योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिकों की भूमिका को याद करने से लोगों के बीच आपसी समझ मजबूत होती है और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर नए सिरे से ध्यान जाता है। स्मारक की स्थापना में बहुमूल्य सहयोग के लिए उन्होंने कोरिया गणराज्य की सरकार, विशेष रूप से पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री ने कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। उन्होंने भारतीय सैनिकों के बलिदान और मानवीय सेवा के माध्यम से निर्मित अटूट मित्रता के बंधन को स्वीकार किया।

कोरियाई युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और उनके बीच आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से दोनों मंत्रियों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सैनिकों के निस्वार्थ बलिदान की स्मृति में एक संस्मरण भी जारी किया गया।

कोरियाई युद्ध के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) ए.जी. रंगराज (महावीर चक्र विजेता) के नेतृत्व में 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने भीषण गोलीबारी के बीच हजारों घायल सैनिकों और नागरिकों की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा और उपचार करके व्यापक प्रशंसा अर्जित की थी।

# बीएसएफ की महिला पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की

**इंद्र वशिष्ठ**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** बीएसएफ की पहली महिला पर्वतारोहण टीम ने वीरवार को माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की। पर्वतारोहियों ने विश्व की सर्वोच्च चोटी पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया।

महिला पर्वतारोहण टीम ने 21 मई, सुबह 8 बजे माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) पर सफलतापूर्वक फतह हासिल की।

बीएसएफ की महिला पर्वतारोहण टीम में लद्दाख की सिपाही कौसर फातिमा, पश्चिम बंगाल की सिपाही मुनमुन घोष, उत्तराखंड की कांस्टेबल रबेका सिंह और कारगिल की कांस्टेबल त्सेरिंग चोरोल शामिल थी।

विभिन्न पृष्ठभूमियों से आई इन बीएसएफ पर्वतारोहियों ने भारत की विविधता में एकता की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित किया और अत्यधिक ऊँचाई वाली परिस्थितियों में असाधारण दृढ़ संकल्प, सहनशक्ति और साहस का प्रदर्शन किया।



बीएसएफ की महिला सीमा प्रहरी अपने पुरुष समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीमाओं की रक्षा कर रही हैं।

बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने रेडियो लिंक के माध्यम से शिखर पर पहुंची टीम को पूरे बल और राष्ट्र की ओर से बधाई दी। यह अभियान बीएसएफ के डायमंड जुबली समारोह और राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में था।

इस अभियान को 6 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली से बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मिशन के क्रम में, बीएसएफ की पुरुष पर्वतारोहण टीम अगले 2-3 दिनों में माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर भी चढ़ाई का प्रयास करेगा।

## मिजोरम में 30 मई से शुरू होगा एसआईआर

**ऐजल,एजेंसी।** मिजोरम में 30 मई से पूरे राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) अभियान शुरू होगा।इस अभियान के तहत हर मतदाता (जिसमें पहले से पंजीकृत मतदाता भी शामिल हैं) को नए गणना फॉर्म जमा करने होंगे। इस कवायद का मकसद एक ₹साफ और सटीक₹ मतदाता सूची तैयार करना है। मिजोरम की मुख्य निर्वाचन अधिकारी गरिमा गुप्ता ने गुरुवार को इस प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इस संशोधन अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र मतदाता सूची में शामिल हों, और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो पाए।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में 70 स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस टी बी ए) की नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)। इन स्टेशनों में 23 एन एस जी-5 श्रेणी के स्टेशन तथा 47 एन एस जी-6 श्रेणी के स्टेशन सम्मिलित हैं, अर्थात कुल 70 "एस टी बी ए" नियुक्त किए जाने प्रस्तावित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा संख्या | C6/STBA/Tender/2026 |
| 2. | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के 70 स्टेशनों पर जिसमे 23 एन एस जी-5 श्रेणी के स्टेशन तथा 47 एन एस जी-6 श्रेणी के स्टेशन पर कुल 70 एस टी बी ए द्वारा कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यु.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए संविदा एस.टी.बी.ए.के नियुक्ति हेतु निविदा। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | मूल्य रु. 1000/- + 18% GST= रु. 1180/- (रुपए एक हज़ार एक सौ अस्सी मात्र) |
| 4. | धरोहर राशि (EMD) | रु. 2,000/- (रु.दो हज़ार मात्र) NSG-6 श्रेणी और रु. 5000/- (रु. पाँच हज़ार मात्र) NSG-5 श्रेणी के स्टेशन के लिए। |
| 5. | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है) | वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 से सभी कार्य दिवस में दिनांक 21.05.2026 से 10.06.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर और दिनांक 11.06.2026 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। |
| 6. | निविदा का प्रकार | खुली निविदा |
| 7. | निविदा जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय | 11.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा, निविदा कक्ष वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 में प्राप्त की जायगी तथा तुरंत बाद उसी दिन को 15:10 बजे निविदा खोली जाएगी। |
| 8. | सम्पूर्ण निविदा सुचना कहाँ देखी जा सकती है | निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। |

**File No.C6/STBA/Tender/2026)** **1717/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**आयोजन** — राहुल गांधी ने कोरोना महामारी को लेकर मोदी सरकार को पहले ही सचेत किया था, लेकिन सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई थी: कांग्रेस

# पंचायती राज पद्धति से लेकर कंप्यूटर क्रांति तक अहम कदम राजीव गांधी ने थे उठाए: कर्रा

**सतीश वर्मा**

**जम्मू,मेट्रो मीडिया।** शहीद प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि के मौके पर कृतज्ञन राष्ट्र ने उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ साथ जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्र के महानायक रहे दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जम्मू स्थित पार्टी दफ्तर पर श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम आयोजित कर भावांजलि अर्पित की गईं।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने उपस्थित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी के कारण ही देश में पंचायती राज पद्धति




अमल में आई जिसके कारण गांव में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी लाभ मिल सके। केवल इतना नहीं बल्कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जाति के साथ-साथ महिलाओं के लिए 33% आरक्षण उपलब्ध कराया। देश में लोकतंत्र के लिए भी उल्लेख में कदम उठाए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे और वह हमेशा देश के युवाओं के लिए भी सोचते और कार्य करते रहते थे। वह देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। तब मुख्य तौर पर मौजूदा सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे स्वर्गीय राजीव गांधी के उक्त कदम को लेकर देशभर में काफी बावेला मचाया था। यह कंप्यूटर को लेकर राजीव गांधी की ही दूरदर्शिता थी कि आज विश्व भर में आईटी सेक्टर के बेहद अनुभवी लोगों को भारत से आउटसोर्स किया जाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह कांग्रेस पार्टी है जिन्होंने देश के कुशल नेतृत्व के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव तथा डॉक्टर मनमोहन सिंह जैसे काबिल शख्सियतों को बागडोर सौंपी। कांग्रेस हमेशा से देश के भीतर विभाजनकारी शक्तियों से लड़ती आ रही है।

उन्होंने कहा कि संघ परिवार तथा भाजपा हमेशा से नफरत की राजनीति करती आई है और और साजिशें भी बुनती रही है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू कश्मीर विधानसभा में दल नेता जीए मीर, वर्किंग प्रेसिडेंट रमन भल्ला, पूर्व मंत्री योगेश साहनी तथा मूलाराम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता एडवोकेट रविंद्र शर्मा समेत पार्टी के बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'राजनयिक अलगाव' का सामना करना है। जिससे वैश्विक मंचों पर भारत की छवि न केवल बेहद कमजोर हुई है बल्कि हास्यास्पद भी बनी है। यह हमारे देश के लिए बेहद चिंता की बात है।


## Morning Glory Leasing and Finance Limited

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31,2026 (₹ in Lakh)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31-Mar-26 (Audited) | Quarter Ended 31-Dec-25 (Unaudited) | Quarter Ended 31-Mar-25 (Audited) | Year Ended 31-Mar-26 (Audited) | Year Ended 31-Mar-25 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 3.22 | 1.25 | 1.25 | 7.42 | 5.45 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax and Exceptional Items) | 2.05 | -0.33 | 0.03 | 2.76 | 0.82 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period (Before Tax and after Exceptional Items) | 2.05 | -0.33 | 0.03 | 2.76 | 0.82 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period (After Tax and Exceptional Items) | 0.23 | -0.33 | 0.06 | 0.83 | 0.60 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the Period (after Tax) and Other Comprehensive Income (after Tax)] | -58.00 | 26.52 | -87.30 | 33.23 | -95.88 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) | | | | | |
| | 1. Basic (Amount in ₹ ) | -23.29 | 10.65 | -35.06 | 13.34 | -38.50 |
| | 2. Diluted (Amount in ₹ ) | -23.29 | 10.65 | -35.06 | 13.34 | -38.50 |

Place: New Delhi
Dated: May 21, 2026

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director